डॉ॰ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांकः-शैक्षिक/९९०/2026 **दिनांक : 20-05-2026**

संशोधित कार्यालय आदेश

डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (औटा) के पत्र संख्याः 65/औटा/2026 दिनांक 09.05.2026 के क्रम में एवम् मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार सत्र 2025-26 हेतु विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में दिनांकः 23-05-2026 से दिनांकः 06-07-2026 तक ग्रीष्मावकाश घोषित किया जाता है।

उक्त ग्रीष्मावकाश की अवधि में विश्वविद्यालय के समस्त प्रशासनिक एवम् विभागीय कार्यालय यथावत् खुले रहेगें तथा प्रवेश, परीक्षायें एवम् मूल्याकंन कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संचालित होते रहेगें। उक्त अवधि के दौरान यदि विश्वविद्यालय शासन, आयोग तथा अन्य सक्षम प्राधिकारी द्वारा किसी भी परीक्षा, प्रवेश प्रकिया, प्रशासनिक दायित्व अथवा अन्य आवश्यक शैक्षणिक/आकस्मिक कार्य हेतु महाविद्यालय/शिक्षकों/कर्मचारियों से सहयोग अपेक्षित हो तो समस्त सम्बन्धित अधिकारीगण, शिक्षकगण एवम् कर्मचारीगण आवश्यकतानुसार अपने प्राचार्य एवम् विश्वविद्यालय प्रशासन को पूर्ण सहयोग करना सुनिश्चित करें।

ग्रीष्मावकाश की उक्त अवधि में मूल्याकंन कार्य के अतिरिक्त अन्य शैक्षणिक/परीक्षा सम्बन्धित कार्यों में योजित शिक्षकों को एक दिवस के सापेक्ष एक दिन का प्रतिकर अवकाश नियमानुसार देय होगा जिसको प्राचार्य की अनुमति से शिक्षकगण द्वारा सत्र 2026-27 में समायोजित किया जा सकेगा।

नोटः- विश्वविद्यालय इस वर्ष अपने गौरवपूर्ण स्थापना के शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इस ऐतिहासिक एवं महत्त्वपूर्ण अवसर पर दिनांकः 1 जुलाई, 2026 को स्थापना दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया जायेगा। समारोह के सफल, गरिमामय एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु सभी का सहयोग, समन्वय तथा सक्रिय सहभागिता अपेक्षित है। इसी क्रम में विभिन्न समितियों का गठन किया गया है, जिनमें आवासीय इकाइयों एवं महाविद्यालयों के शिक्षकों को नामित किया गया है। अतः समितियों में नामित सभी शिक्षकगण अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन यथावत् करते रहेंगे।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त संकायाध्यक्ष/निदेशक/विभागाध्यक्ष/पाठ्यक्रम समन्वयक/शिक्षक, डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।
2. समस्त प्राचार्य/शिक्षक, सम्बद्ध महाविद्यालय, डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।
3. प्रभारी, कुलपति सचिवालय, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
4. वित्तअधिकारी/परीक्षा नियंत्रक।
5. अध्यक्ष/महामंत्री औटा।
6. अध्यक्ष/महामंत्री, शिक्षक संघ आवासीय परिसर।
7. समस्त सहायक कुलसचिव।
8. मीडिया प्रभारी, डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।
9. प्रभारी वेबसाइट।
10. विश्वविद्यालय अधिकृत एजेन्सी को महाविद्यालयों की लॉगिन आई0डी0 पर अपलोड कराने हेतु।
11. अभिलेख खण्ड।

कुलसचिव